4 किसान रासायनिक खाद से बचें, जैविक खाद का उपयोग ज्यादा करें : नेताम



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

## खबर संक्षेप

### जब्त लकड़ी मामले की शिकायत कलेक्टर से

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के खड़गवां जनपद क्षेत्र में वन कर्मियों द्वारा एक महिला के यहां से लकड़ी जब्त की गई। इस मामले में पीड़ति आवेदिका ने कलेक्टर को शिकायत देकर उचित कार्रवाई एवं आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग का आवेदन किया, जिसकी प्रतिलिपित वन अधिकारियों के साथ पुलिस अधीक्षक एमसीबी को दी गई। इस संबंध में पीड़ति की शिकायत के अनुसार आवेदिका खड़गवां थाना क्षेत्र के ग्राम छोटे कलुआ निवासी फुलमन बाई ने कलेक्टर को लिखित शिकायत की है।

### बदले गए नपं सीएमओ, डिप्टी कलेक्टर को मिला दायित्व

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के नवगठित नगर पंचायत पटना के सीएमओ को कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से कलेक्टर कार्यालय संबंद्ध करने का आदेश जारी किया। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पटना को कलेक्टर कार्यालय के नगरीय प्रशासन शाखा में संबंद्ध करने का आदेश जारी किया, वहीं उनके स्थान पर डिप्टी कलेक्टर अंशुल शर्मा को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ नगर पंचायत पटना के सीएमओं का दायित्व का निर्वहन करने की जिम्मेदारी दी गई। उक्त संबंध में आदेश 2 सितंबर को कलेक्टर द्वारा जारी की गई।

### रजत जयंती वर्ष पर कॉलेज में लगा पुस्तक मेला

**मनेन्द्रगढ़।** छग राज्य रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय मेला 8 से 10 सितंबर तक प्रतिदिन प्रातः 11 से अपराह्न 4 बजे तक महाविद्यालय परिसर में संपन्न होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पुस्तक प्रेमियों में पठन-पाठन की संस्कृति को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें विभिन्न विषयों की नवीनतम एवं महत्वपूर्ण पुस्तकों से अवगत कराना है। मेले में देश-प्रदेश के कई प्रतिष्ठित प्रकाशक एवं पुस्तक विक्रेता भाग लेंगे, जो साहित्य, विज्ञान, इतिहास, तकनीकी, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा सामान्य ज्ञान से संबंधित पुस्तकों का प्रदर्शन करेंगे। महाविद्यालय प्राचार्य ने जानकारी दी कि पुस्तक मेला विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धन का सुनहरा अवसर है।

### दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग से जन्मे नवजात की मौत

**अम्बिकापुर।** दुष्कर्म पीड़िता ने बलरामपुर अस्पताल में शिशु को जन्म दी। इधर जच्चा-बच्चा की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां नवजात की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने पश्चात शिशु का पीएम कराया तथा डीएनए जांच के लिए सैंपल लिया। पुलिस के मुताबिक रामानुजगंज थाना अंतर्गत निवासी 13 वर्षीय नाबालिग के गर्भवती होने तथा प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार को परिजन उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। नाबालिग की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने ऑपरेशन किया जिससे नाबालिग ने लड़का शिशु को जन्म दी। इधर नाबालिग बालिका व शिशु की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां शिशु की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### तेज धूप से सूख रहे थे खेत, किसान बोले- अच्छी फसल की है उम्मीद

# झमाझम बारिश से धान की फसल को मिली संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सावन समाप्त होने के तीन सप्ताह बाद एक बार फिर बारिश की गतिविधियां सक्रिय हो गई है। कुछ दिनों पूर्व बारिश की गतिविधि थम गई थी, इसके चलते लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। इसी बीच मौसम के सिस्टम में बदलाव के बाद फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया है।

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिलेभर में मंगलवार की शाम के समय से बारिश की शुरूआत हुई और रूक-रूक कर देर रात तक बारिश का क्रम चलता रहा। दूसरे दिन बुधवार को सुबह मौसम खुला, लेकिन आसमान में बादल छाए रहे और उमड़ते-घूमड़ते बादलों के बीच दोपहर के के समय जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में कुछ देर की झमाझम बारिश हुई, वहीं जिले के कुछ क्षेत्रों में भी इस दिन दोपहर के समय बारिश हुई। इसी तरह शाम ढलने के दौरान भी हल्की रिमझिम बारिश होती रही। इस तरह कोरिया जिले में दो दिन झमाझम बारिश कुछ देर की हुई, तो कुछ समय तक हल्की बारिश होती रही। हालांकि सावन जैसी झड़ी नहीं लग रही है, लेकिन कुछ-कुछ देर के अंतराल में दो दिनों से कोरिया जिले में बारिश का दौर चल रहा है,इससे गर्मी से राहत मिल गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी बारिश की संभावना बनी रहेगी।



लगातार बारिश से सड़क पर भरा पानी।



लहलहाती फसल।

#### इस बार भी झुमका 100 प्रतिशत भरा

इस वर्ष आषाढ़ एवं सावन के महीने में लगातार कई दिनों की झमाझम बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर रहे। तालाब, बांध में जल भराव हो गया। इसी तरह जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निकट स्थित मध्यम श्रेणी की बांध रामानुज प्रताप सागर झुमका बांध लगातार बारिश के कारण 100 प्रतिशत भर गया, इसके अलावा जिले के अन्य छोटे बांध एवं जलाशय भी भर गए हैं, इससे रबी सीजन की फसलों के लिए पानी कोई परेशानी नहीं होगी।

#### धान के लिए लाभदायक

वर्तमान में हो रही बारिश धान फसलों के लिए लाभदायक माना जा रहा है। अभी कई क्षेत्रों में धान की फसलों में बालियां निकलनी शुरू हो गई है, वहीं कुछ दिनों से बारिश की गतिविधि कम हो जाने के कारण कई क्षेत्रों के खेतों में पानी की कमी होने लगी थी, ऐसे समय में बारिश होना निश्चित रूप से धान की फसल के लिए लाभदायक है। वर्तमान में हो रही बारिश धान फसलों के लिए अमृत के बारिश के समान है।



जाम नाली का पानी।

नपा से पहल की मांग

## सड़क पर बहता है नाली का पानी, राहगीर होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के सिविल लाइन में स्थित आदिवासी प्री मैट्रिक बालिका छात्रावास के पास से मानस भवन के दीवार तक नाली का निर्माण कार्य पूर्व में कराया गया था, इसके बाद नाली निर्माण कार्य नहीं होने के कारण मानस भवन के दीवार के अंतिम छोर तक बने नाली का पानी बाहर बह रहा है।

अधूरी नाली निर्माण के कारण कन्या विद्यालय के सामने से निकले मानस भवन के बगल वाली सड़क के उपर से बहता रहता है, इसके चलते लोगों को नाली को पार कर आना-जाना पड़ता है। जानकारी के अनुसार पूर्व में आदिवासी प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास से निकलने वाली गंदे पानी के निकासी के लिए नाली निर्माण कार्य नहीं किया गया था। बाद में नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली तो छात्रावास भवन से मानस भवन के अंतिम छोर के दीवार तक ही नाली निर्माण की स्वीकृति मिली और उसी स्थल तक नाली निर्माण कार्य कराया गया, जबकि उस स्थल के पास मानस भवन के बगल से एक सड़क मार्ग निकला है। आधा दूरी तक नाली निर्माण के कारण नाली का पानी मानस भवन के बगल से निकली सड़क के उपर से बहता हुआ निकलता है, इससे इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को नाली का पानी को पार कर इस मार्ग से आना-जाना पड़ता है। छात्रावास के पास से बनी नाली निर्माण को किसी अन्य नाली में नहीं जोड़ा गया, यदि जिस जगह तक नाली निर्माण कराया गया है, उसे आगे बढ़ा कर दूसरे नाली में जोड़ दिए जाने से सड़क पर पानी बहने की समस्या नहीं होती।

## भाजपा ने घोषित किए सेवा पखवाड़ा के संयोजक-सहसंयोजक

**मनेन्द्रगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के निर्देश पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के लिए जिला एवं मंडल स्तर पर संयोजक और सहसंयोजकों की नियुक्ति की है। जिला स्तर परसंयोजक द्वारिका जायसवाल,सह संयोजक श्रीमती प्रवीण सिंह, पवन शुक्ला, श्रीमती सोनमती उर्रे एवं रामचरित द्विवेदी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसीक्रम में मंडल स्तर पर भी जिम्मेदारी दी गई है। मनेन्द्रगढ़ मंडल संयोजक आलोक जायसवाल, सह संयोजक विवेक अग्रवाल, जयंतीलाल यादव, हसदेव मंडल संयोजक विनोद गुप्ता, सह संयोजक धीरेन्द्र विश्वकर्मा, सुनील मिश्रा, चिरमिरी मंडल संयोजक रीत जैन, सह संयोजक अनिश यादव व संजय जैन दायित्व का निर्वहन करेंगे। खड़गवां मंडल संयोजक पवन सिंह नेटी, सह संयोजक प्रेमनारायण सिंह, नरेन्द्र सिंह,नागपुर मंडल संयोजक धनेश यादव, सह संयोजक रजबल सिंह, राहुल जायसवाल व केल्हारी मंडल में संयोजक परमानंद यादव, सह संयोजक दृगपाल सिंह, रामनाथ तिवारी आयोजन की रूप रेखा निर्धारित करेंगे। जनकपुर मंडल में संयोजक मणिप्रसाद पाण्डेय, सह संयोजक राकेश बर्मन, अंकित तिवारी, कुवांरपुर मंडल संयोजक हीरालाल मौर्य, सह संयोजक राम आश्रय पाण्डेय, रोहित वर्मा व कोटाडोल मेंडल में संयोजक राजाराम दास, सह संयोजक रामसकल सिंह, मुक्तिनारायण यादव आयोजन के सफल संचालन की जिम्मेदारी उठाएंगे। सेवा पखवाड़ा के दौरान जिलेभर में सेवा, संगठन और समाजहित के विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## 15वें वित्त मद में गड़बड़ी, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डबरीपारा के उप सरपंच, पंचगण एवं दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त शिकायत कलेक्टर को सौंपकर सरपंच, सचिव एवं सरपंच पति द्वारा 15 वें वित्त मद की राशि को फर्जी बिल व्हाउचर लगाकर कूटरचना कर गबन करने का आरोप लगाने की शिकायत कर विभिन्न बिंदुओं के शिकायत की जांच करने की मांग की।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सरपंच पति के द्वारा ग्राम पंचायत के सभी कार्यो हस्तक्षेप प्रकिया जाता है एवं सभी फर्जी कार्यों में उनकी सहभागिता रहती है। कलेक्टर को सौंपे शिकायत में बताया है कि ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं सरपंच पति के द्वारा कई कार्यो में फर्जीवाड़ा कर सरकारी राशि का गबन किए हैं, इसकी जानकारी किसी पंचायत प्रतिनिधि को नहीं है और न ही पंचायत में किसी प्रकार का प्रस्ताव पंचों के समक्ष किसी कार्य के लिए पारित किया गया। फर्जी प्रस्ताव बनाकर अवैधानिक कृत्य कर सरकारी राशि का दुरूपयोग किया गया है। ग्राम पंचायत डबरीपारा के पंचायत प्रतिनिधियों ने सरपंच, सचिव व सरपंच पति के विरूद्ध कलेक्टर को सौंपे गए शिकायत में उल्लेख किया गया है कि भैंसामुण्डा में आंगनबाड़ी शौचालय मरम्मत कार्य के नाम पर राशि आहरण किया गया, लेकिन कुछ भी मरम्मत नहीं हुआ है। इसी तरह सरपंच के घर के पास ट्यूबवेल, हैंडपंप ⏭ शेष पेज 4 पर



ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोग।

## जाम नाले की साफ-सफाई शुरू



नगरीय प्रशासन की ओर से की जा रही सफाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोयलांचल क्षेत्र के शिवपुर चरचा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में लंबे समय से जाम पड़े नाले की सफाई बुधवार से शुरू कर दी गई। पिछले माह 25 अगस्त को मूसलधार बारिश में नाले का पानी उफान मारकर झोपड़ियों और घरों में घुस गया था, जिससे लोगों को भारी परेशानी हुई थी।

हरिभूमि में समस्या प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वशिष्ठ ओझा ने तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। सफाई निरीक्षक हरीश जायसवाल के मार्गदर्शन और वार्ड पार्षद रामकली पाल की देखरेख में सफाई कर्मचारियों ने घंटों मशक्कत कर नाले में फंसी पेड़ की डहगी हटाकर बहाव सुचारू किया। पार्षद रामकली पाल ने कहा कि अब बारिश का पानी आसानी से निकल सकेगा और क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। स्थानीय निवासी पार्वती ने बताया कि पिछली बारिश में घरों में पानी घुसने से काफी नुकसान हुआ था। अब नाले की सफाई से उम्मीद है कि आगे ऐसी समस्या नहीं होगी। नगर पालिका अधिकारियों ने कहा कि नाले की नियमित सफाई से जलभराव और जाम की समस्या से लोगों को छुटकारा मिलेगा।



भारी बारिश से नाला उफान पर

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

खबर का असर

## बीईओ ने उल्लास साक्षरता केन्द्र का किया निरीक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर विकासखंड के ग्राम कुंवारी स्थित उल्लास साक्षरता केन्द्र का निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी भरतपुर मोहम्मद इस्माइल खान द्वारा किया गया। इस अवसर पर विकासखंड साक्षरता नोडल अधिकारी राजकुमार नामदेव एवं संकुल समन्वयक रमेश पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केन्द्र की गतिविधियों का अवलोकन किया और शिक्षार्थियों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। साक्षरता केन्द्र में अध्ययनरत सभी शिक्षार्थियों को समय पर आवश्यक शैक्षणिक सामग्री - पुस्तकें, कॉपियां, पेंसिल एंड रबर उपलब्ध कराई गई है। स्वयंसेवी शिक्षक कु. रोशनी मनोयोगपूर्वक विद्यार्थियों को बुनियादी शिक्षा प्रदान कर रही हैं, जिससे उनमें पढ़ाई के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। ग्राम प्रभारी एवं प्रधान पाठक रामप्रयाग पटेल द्वारा साक्षरता केन्द्र का संचालन अनुशासित एवं व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है, जिससे केन्द्र का वातावरण सकारात्मक एवं शिक्षण के अनुकूल बना ⏭ शेष पेज 4 पर

## रजत जयंती पर रामानुज कॉलेज में एलुमनी समारोह



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विद्यालय के सभा कक्ष में पूर्व छात्रों का एल्युमनी समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं पूर्व छात्रों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार ने किया। पूर्व प्राचार्य व एनसीसी अधिकारी यूएस शुक्ला ने अपने संबोधन में विद्यालय के उन पूर्व छात्रों का उल्लेख किया, जिन्होंने अविभाजित मध्यप्रदेश एवं वर्तमान छग में उच्च पदों पर कार्य कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए वे हमेशा समर्पित रहेंगे। समाजसेवी श्रीप्रकाश ⏭ शेष पेज 4 पर

## ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** प्रदेश में जनजातीय परिवारों को शासन की योजनाओं से जोड़ने और संवेदनशील एवं जवाबदेह प्रशासन स्थापित करने के उद्देश्य से आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस की दिशा में पहल - यह प्रशिक्षण 4 सितंबर तक चलेगा। कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में आदिवासी विकास विभाग द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में भारत सरकार से नामित जिला प्रभारी अधिकारी प्रमोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। 151 जनजातीय ग्रामों का चयन, 25 योजनाओं का लाभ - सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सुश्री अंकिता मरकाम ने बताया कि जिले के 151 जनजाति बहुल ग्रामों का चयन किया गया है। इन ग्रामों में शासन की 25 योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पहले जिला एवं ब्लॉक स्तर के मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके उपरांत ग्राम स्तर पर स्वयंसेवकों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केन्द्र स्थापित होंगे, जो ग्रामीणों तक योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुंचाने का प्रमुख माध्यम बनेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह जनजातीय परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त प्रयास है।


### वर्षों पहले पलायन करने विवश थे ग्रामीण

# लटमा गांव की बदली तस्वीर, रहस्मयी समस्या से मिली निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम लटमा के ग्रामीणों ने वर्षो पूर्व एक रहस्यमय घटना से जूझ रहे थे। स्थिति यह हो गई थी कि ग्राम लटमा व आस-पास के ग्रामीणों ने अपना गांव छोड़कर पलायन करने विवश हो गए, लेकिन वर्तमान में ग्राम लटमा एक आबाद गांव होने के साथ समृद्ध गांव में शामिल है।

यहां का करमा नर्तक दल ने राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई। इस ग्राम में पुरूषों से अधिक महिला मतदाता है, यानी यहां महिलाओं की संख्या पुरूषों से अधिक है। बुजुर्ग ग्रामीण बताते हैं कि गांव में पहुंचे एक संत ने गांव में मंदिर स्थापना करने को कहा, इसके बाद ग्रामीणों ने गांव के एक स्थान को आस्था का केन्द्र बनाया, जहां पर वर्तमान में भव्य मंदिर का निर्माण गांव के लोगों ने मिलकर कराया, इसके बाद गांव के रहस्यमयी समस्या पर आखिरकार आस्था ने विजय पा ली। यह घटना किसी चमत्कार से कम नहीं, जहां एक संत की दूरदर्शिता और गांव वालों के अटूट विश्वास ने ⏭ शेष पेज 4 पर



गांव में बना मंदिर।

#### ऐसा भी हुआ चमत्कार


आकाशीय बिजली जिस भी स्थान गिरता है, उसके निकट कोई मनुष्य या जानवर रहे तो उसके प्रभाव से मौत के मूंह में समा जाता है या बेहोश हो जाएंगे, लेकिन वर्ष 2023 में ग्राम लटमा के नव निर्मित मंदिर में जिस दिन आकाशीय बिजली गिरने की घटना हुई, उस दौरान मंदिर के भीतर एक ग्रामीण सोया था और पास में एक कुत्ता भी था। आकाशीय बिजली गिरने के साथ कुत्ता तेज आवाज करते निकल गया और ग्रामीण को भी कुछ नहीं हुआ, यह किसी चमत्कार से कम नहीं, क्योंकि जिस जगह आकाशीय बिजली गिरी थी ,उसके कुछ कदम की दूरी पर मंदिर के भीतर ही ग्रामीण सोया था।

#### संत की वाणी से हुआ मंदिर निर्माण

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम लटमा में वर्षो पहले की घटना के दौरान जब गांव के लोग पलायन करने की सोचने लगे उसी दौरान गांव में एक संत आए, जिनसे लोगों ने अपनी पीड़ा बताया, तब संत ने गांव में नकारात्मक ऊर्जा को भगाने के लिए एक आस्था केन्द्र स्थापित करने की सलाह दी। संत की सलाह पर ग्रामीणों ने गांव के एक स्थान पर आस्था का केन्द्र बनाया और उस दौरान एक सप्ताह तक अखण्ड रामायण पाठ एवं पूजा-अर्चना ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से शुरू किया, इसके बाद चमत्कारिक रूप से रहस्यमयी घटना पर विराम लग गया, इससे ग्रामीणों की आस्था की जडे और गहरी हो गई। आज उसी आस्था केन्द्र पर ग्रामीणों के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण कर शिवलिंग का प्राण-प्रतिष्ठा की गई, जहां विभिन्न अवसरों पर ग्रामीण पूजा-अर्चना के लिए जुटते हैं। आमतौर पर जब किसी जगह पर वज्रपात गिरता है तो काफी नुकसान पहुंचता है। यदि पेड़ पर वज्रपात गिरता है, पेड के मोटे शाखाओं को भी चीर देता है। ग्राम लटमा के ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार जब लटमा में दो वर्ष पूर्व आस्था के ⏭ शेष पेज 4 पर


गणेश पूजा सेवा समिति सरगंवा।


भगवाधारी क्लब गणेश पूजा समिति रामानुजगंज।


सार्वजनिक गणेश पूजा समिति हाईस्कूल पारा, सूरजपुर।


गणेशत्सव पूजा समिती केतका।

## खबर संक्षेप

### गौसिया अंजुमन कमेटी जयनगर का ब्लड डोनेट कार्यक्रम कल

**बिश्रामपुर।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाईस के पंद्रह सौ वर्ष पुर्ण होने पर बारह रबीउल औवल ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर 4 सितम्बर गुरुवार को गौसिया अंजुमन कमेटी जयनगर के तत्वावधान में जरुरतमंदों के लिए ब्लड डोनेट कार्यक्रम किया जाएगा। कमेटी द्वारा जिला चिकित्सालय सूरजपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर ब्लड लेने हेतु सहयोग देने की अपील की गई है,गौसिया अंजुमन कमेटी के नौशाद आलम ने बताया कि बारह रबीउल औवल ईद मिलादुन्नबी के पंद्रह सौ वर्ष पूर्ण होने पर जरूरतमंदों के लिए ब्लड डोनेट का आयोजन मुस्लिम गौसिया अंजुमन कमेटी जयनगर द्वारा किया जाएगा,ब्लड डोनेट कार्यक्रम जयनगर मुस्लिम मोहल्ला स्थित मदीना मस्जिद में किया जाएगा,उन्होंने बताया कि लगभग 40 से 50 यूनिट ब्लड जयनगर के मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है,ब्लड डोनेट कार्यक्रम उपरांत 5 सितम्बर को मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार उल्लासपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय कमेटी द्वारा लिया गया है।

### पर्यटन मंत्री राजेश से मिले फेडरेशन के प्रतिनिधि



**अम्बिकापुर।** अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधि सोमवार को पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल से मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने मंत्री श्री अग्रवाल से कर्मचारी संगठनों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधियों की समस्याएं सुनने के उपरांत पर्यटन मंत्री ने उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान फेडरेशन के संयोजक कमलेश सोनी, राजपत्रित अधिकारी संघ के डा.सीके मिश्रा एवं शिक्षक फेडरेशन के संभागीय अध्यक्ष संजय सिंह उपस्थित थे।

### सुनीता की प्रथम पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम में फल वितरण

**अम्बिकापुर।** राम मंदिर रोड निवासी अनिल सिन्हा की धर्मपत्नी स्व.सुनीता सिन्हा के प्रथम पुण्य तिथि पर परिजन ने राघवपुरी वृद्धा आश्रम में एकत्रित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ



ही उनके बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए समाज सेवा से प्रेरित होकर वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई एवं उनका कुशलक्षेम जाना। परिजन ने द्वारा वृद्ध को फल एवं मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान अनिल सिन्हा, आलोक श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, अंकित सिन्हा, करिश्मा सिन्हा, शिवानी सिन्हा एवं विकास सिन्हा सहित अन्य मौजूद रहे।

### सर्पदंश से गंभीर बालक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम करंजी निवासी सुफियाना कुरैशी आ. नकीम कुरैसी (6 वर्ष) दादा के साथ बिजुरी में किराए के घर में रहकर पढ़ाई करता था। रविवार की रात दादा के साथ खाट पर सो रहा था तभी देर रात जहरीले सांप ने उसके पैर व हाथ में काट लिया। सांप काटने की जानकारी लगने पर परिजन बालक को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत गंभीर हालत होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### असाक्षरों को बुनियादी शिक्षा मुहैया कराने छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी

**ओड़गी।** देशव्यापी साक्षरता सप्ताह रजत जयंती महोत्सव के दूसरे दिन ओड़गी विकासखंड में बुनियादी साक्षरता ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल, सतत शिक्षा को लेकर जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बिहारपुर के शासकीय महाविद्यालय, हायर सेकेण्डरी स्कूल बिहारपुर, शासकीय महाविद्यालय ओडगी तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ओडगी के छात्र छात्राओं को बताया गया कि वे असाक्षरों को कैसे बुनियादी शिक्षा मुहैया करावें।

### परिजन सहित ग्रामीणों ने वन विभाग पर लगाया घर खाली कराने का आरोप

# ग्रामीण की मौत पर मचा बवाल ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर परिजन सहित ग्रामीणों ने वन विभाग पर दबाव बना कर घर खाली कराने का आरोप लगाते हुए शव को सड़क पर रख चक्का जाम कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर पुलिस अधिकारी के आश्वासन पर चक्का जाम समाप्त किया।

**खास बात**

- पिछले पांच दिनों से लगातार गांव पहुंच रहे थे वन विभाग की टीम


चक्काजाम करते ग्रामीण।

विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम रेवतीपुर में कोरवा जनजाति के ग्रामीण की मौत रविवार की शाम घर में हो गई थी। परिजन सहित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग द्वारा घर खाली करने के लिए हस्ताक्षर कराया गया था जिसके तनाव में आकर उसकी मृत्यु हो गई। परिजन एवं ग्रामीणों का आरोप है कि 5 दिनों से लगातार वन विभाग की टीम गांव में आ रही थी एवं घरों के जब्ती नामा पर हस्ताक्षर कराकर फोटो खींचकर घर गिराए जाने की बात कही जा रही थी। जिससे रेवतीपुर के वार्ड क्रमांक 8 निवासी बिफन कोरवा आ. रामधनी कोरवा ( 50 वर्ष) तनाव में रह रहा था कई दिन से वह खाना पीना छोड़ दिया था( शाम को उसने जैसे ही पानी पीकर चलना शुरू किया गिरकर उसकी मौत हो गई। रेवतीपुर की सरपंच ऐसा खातून ने बताया कि वन विभाग द्वारा घर गिराने की बात कहने से के नाम पर बिफन को बहुत ही भयभीत कर दिया गया था जिससे उसने खाना पीना छोड़ दिया था जिससे उसकी मृत्यु हुई है। सुबह परिजन एवं ग्रामीणों द्वारा रामचंद्रपुर सनावल मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया गया था। सूचना पर एसडीओपी बाजीलाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले में उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया जिसके बाद ही चक्का जाम समाप्त हुआ। चक्का जाम समाप्त होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रामानुजगंज अस्पताल भेज दिया गया।

#### मृतक को नहीं दिया गया था नोटिस

मृतक पर किसी प्रकार का वन अपराध दर्ज नहीं है और न ही उसे किसी प्रकार का वन विभाग की ओर से कोई नोटिस दिया गया था। वन विभाग की टीम वन अधिकार पट्टा के शिकायत पर जांच करने गांव में पहुंची थी।

-अजय वर्मा
रेंजर

## वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत, ग्रामीणों ने की बाईपास मार्ग बनाने की मांग

**कुसमी।** बोलेरो की टक्कर से पैदल जा रहे ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। मार्ग पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना से ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए तथा बाई पास मार्ग बनाने तथा खाली ट्रकों को गांव से आवागमन प्रतिबंधित किए जाने की मांग की है। इधर घटना की जानकारी लगने पर एसडीएम करुण डहरिया के निर्देश पर तहसीलदार रोकी एक्का द्वारा मृतक के परिजन को 25 हजार रुपए तत्कालीन सहायता राशि दी।

- गांव से ट्रक नहीं गुजरने देने की दी चेतावनी


मृतक के परिजन को सहायता राशि देते प्रशासन की टीम।

विकासखंड के नगर पंचायत सीमा से लगे हुए ग्राम पंचायत कंजिया निवासी राजकुमार नगेशिया आ. विशुन (47 वर्ष) पैदल घर की ओर जा रहा था तभी रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो के चालक ने टक्कर मार दी जिससे राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को कुसमी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही ग्राम पंचायत कंजिया के ग्रामीण कंजिया बाईपास सड़क से बॉक्साइट की खाली वाहन चलने तथा आए दिन दुर्घटना होने से आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने बाई पास सड़क से बॉक्साइट ट्रक को नहीं चलाने की मांग करते हुए खाली ट्रकों को रोक दिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही एसडीएम करुण डहरिया सहित थाना प्रभारी मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया गया। शव का पोस्टमार्टम होने के पश्चात अधिकारियों के निर्देश पर तहसीलदार रोकी एक्का, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, भाजपा नेता भरत सेन सिंह, राकेश भारती, इंद्रदेव निकुंज, अजय प्रताप सिंह अन्य लोग मृतक के परिजन से मिले तथा परिवार को 25 हजार की हजार रुपए की तत्कालीन सहायता राशि प्रदान की गई। ग्रामीणों ने तहसीलदार को लिखित में ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल बाई पास सड़क निर्माण कराने की मांग करते हुए इस मार्ग से खाली बॉक्साइट की ट्रकों को नहीं चलाए जाने की मांग की गई है। जिस पर तहसीलदार ने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर इस समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

## खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग, एसडीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की मांग तथा किसानों को खाद उपलब्ध कराने को लेकर प्रदेश किसान विकास संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा तथा खाद की कालाबाजारी करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। संघ ने कार्रवाई नहीं किए जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

एसडीएम को सौपे ज्ञापन में प्रदेश किसान विकास महासंघ के प्रांताध्यक्ष विद्या सागर सिंह ने बताया है कि प्रतापपुर क्षेत्र की सभी सोसायटियां खाली हैं। किसान सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ मायूसी मिल रही है। वहीं दुकानदार खुलेआम कालाबाजारी कर अपनी जेबे भरने में लगे हुए है। बावजूद इसके कृषि विभाग द्वारा अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। प्रदेश किसान विकास



महासंघ के प्रांताध्यक्ष ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौपने के दौरान नवीन जायसवाल, त्रिभुवन सिंह, ज्वाला सिंह, छतरू राम, रामचंद्र पोया, मंगल सिंह, बृजलाल विश्वकर्मा, मानेश्वर राजवाड़े, मयंक जायसवाल, भैया लाल पैकरा, शिवकुमार, सुमेर सिंह, श्याम लाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### बढ़नी झरिया में नशीला इंजेक्शन बिक्री कर रहा युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापु।** क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़न दस्ता प्रभारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना गांधीनगर अंतर्गत ग्राम बढ़नी झरिया निवासी प्रिंस गुप्ता अपने घर से इंजेक्शन बेच रहा है। सूचना पर उड़नदस्ता टीम प्रिंस गुप्ता के घर दबिश दी और घर की तलाशी ली तो एक बैग में रखे 20 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## जयनगर बाजारपारा गणेशोत्सव में रविवार को सुंदरकांड



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम जयनगर के बाजारपारा में इस बार भी नवयुवक गणेश पूजा समिति जयनगर ने लगातार 18 वें वर्ष गणेश उत्सव भव्य का आयोजन कर क्षेत्र का माहौल भक्तिमय कर दिया है,यहाँ पर बड़े आकार का 60 फीट ऊंचा पंडाल आकर्षक सजावट और जगमगाती रोशनी से सजाया गया है, जिसमें 10 फीट ऊंची श्री गणेश प्रतिमा को विराजमान किया गया है। रंग-बिरंगी लाइटें,खूबसूरत झूमर और थीम आधारित सजावट ने इसे पूजा स्थल के साथ आस्था और आकर्षण का केंद्र भी बना दिया है।

रविवार को गणेशोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व भटगांव विधायक व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े भी शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अभिषेक सिंह राजा, अनंत सिंह, प्रियांशु गुप्ता,मनीष ठाकुर,सचिन सिंह, शुभम सिंह, आशीष ठाकुर, सुनीत सिंह, अमन सिन्हा, उमेश गुप्ता,विनय सिन्हा,बलराम सिंह, अमृत व अन्य सक्रिय हैं। समिति सदस्यों ने बताया कि आगामी दिनों में भजन संध्या, नृत्य-नाटक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा, इसमें विशेष रूप से नवयुवक व बच्चों की सहभागिता पर जोर दिया जा रहा है।

### दो दिवसीय अखंड संकीर्तन में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

रामानुजगंज। ग्राम पुरानडीह में अखंड संकीर्तन नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा आयोजित किया गया। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। 29 अगस्त को प्रारंभ श्री श्री अखंड संकीर्तन यज्ञ का समापन 30 अगस्त को हुआ। जहां देर शाम तक भक्ति संगीत का कार्यक्रम चलता रहा। विदित हो कि रमन अग्रवाल द्वारा सागर मोती फाउंडेशन के तत्वाधान में विगत 20 वर्षो से श्री श्री अखंड संकीर्तन यज्ञ का आयोजन कराया जाता है। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर कई



दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारी की जाती है। नगर पुरोहित नंदकुमार पांडे के नेतृत्व में नौ ब्राह्मणों की टीम द्वारा अखंड संकीर्तन यज्ञ का अनुष्ठान संपन्न कराया गया। शुक्रवार को प्रारंभ अखंड संकीर्तन का समापन शनिवार को हुआ। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अखंड संकीर्तन के पश्चात दोपहर से देर शाम तक क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गायक संतोष पांडे, उमाशंकर व्यास के साथ महेश अग्रवाल एवं राजेश अग्रवाल सहित अन्य क्षेत्रीय कलाकारों के भक्ति संगीत की प्रस्तुति ने लोगों को देर शाम तक झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

## जिला खनिज टीम ने अवैध गिट्टी परिवहन करते दो वाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिला खनिज अधिकारी राहुल गुलाटी और उनकी टीम ने जिले में चल रहे अवैध खनिज पर कार्यवाही करते हुए दो गिट्टी लोड वाहनों को पकड़कर थाना परिसर में खड़ी कराया है।

बताया गया कि हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 15 ईडी 3792 जो सरगुजा जिले के बरियों से बिना वैध पीट पास के मंगलवार को गिट्टी परिवहन कर सूरजपुर जिले में विक्रय के उद्देश्य से पहुंचा था,तभी खनिज की टीम ने वाहन को जप्त कर बिश्रामपुर थाना में खड़ी कराया है।इसी कार्यवाही के दौरान टीम द्वारा बसदेई चौकी में भी एक गिट्टी लोड बड़ी हाईवा वाहन को पकड़कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा है।बता दें कि रोजाना बड़ी मात्रा में सरगुजा जिले के बरियों से सूरजपुर सहित अन्य सीमावर्ती जिलों में बिना कागजात के गिट्टी खपाई जा रही है।बरियों की लाइमस्टोन गिट्टी जिले की बोल्डर गिट्टी के अपेक्षाकृत काफी सस्ती पड़ती है,इसलिए भी ठेकेदारी सहित अन्य कार्यों में सस्ती गिट्टी के रूप में बरियों की गिट्टी मंगाकर व्यवसाई व ठेकेदार इसे इस क्षेत्र में खपाकर अच्छा खासा मुनाफा कमाते हैं।रोजाना बड़ी मात्रा सरगुजा की गिट्टी दूसरे जिलों में खपने से इसका सीधा असर दोनों जिलों के शासकीय कोष में भी पड़ रहा है,जबकि गिट्टी बालू के इस अवैध कारोबार के शामिल लोग मोटी कमाई कर रहे हैं।इस अवैध कार्य में जुड़े लोगों को राजनीति संरक्षण भी प्राप्त होने की जानकारी सामने आई है।गिट्टी या बालू सहित अवैध खनिज परिवहन में शामिल वाहनों के आगे पीछे नंबर नहीं लिखा होना देखा जाता है,बिश्रामपुर में जप्त वाहन बरियों निवासी गिट्टी व्यवसाई जबकि बसदेई में जप्त वाहन अंबिकापुर निवासी गिट्टी व्यवसाई की बताई गई है।



## ज्ञानोदय श्रवणबाधित विद्यालय में दिव्यांग बच्चे दिखाएंगे प्रतिभा

**बिश्रामपुर।** दिव्यांग बच्चों की शिक्षा व पुनर्वास का पर्याय बन चुका ज्ञानोदय श्रवणबाधित विद्यालय आगामी 8 सितम्बर को अपनी स्थापना के 30 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है इस उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में दो दिवसीय भव्य त्रिदशक समारोह का आयोजन होगा,जिसमें श्रवणबाधित दिव्यांग विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

- विद्यालय के 30 वर्ष पूर्ण होने पर दो दिवसीय समारोह का होगा आयोजन

संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने जानकारी दी कि विद्यालय की नींव 8 सितम्बर 1995 को एसईसीएल बिश्रामपुर के पुराने स्टेट बैंक भवन में रखी गई थी,तत्कालीन कलेक्टर प्रवीर कृष्ण और एसईसीएल के महाप्रबंधक की उपस्थिति में उद्घाटन हुआ था, स्थापना का मूल कारण यह था कि जिले में श्रवणबाधित बच्चों की संख्या तो थी,लेकिन उनके लिए शिक्षा की कोई व्यवस्थित व्यवस्था मौजूद नहीं थी,इस कमी को पूरा करने की दिशा में सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन ने इस विद्यालय की शुरुआत की,आज विद्यालय कक्षा पहली से दसवीं तक संचालित हो रहा है और अनेक बच्चों का भविष्य गढ़ने में अहम भूमिका निभा रहा है,तीस वर्षों के संस्था का कार्यकाल पूर्ण होने पर त्रिदशक समारोह में पहले दिन 7 सितम्बर को दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा निर्मित आर्ट-क्राफ्ट और पेंटिंग प्रदर्शनी,रंगोली प्रतियोगिता व प्रदर्शनी,संध्या को शिक्षक सम्मान समारोह,आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति,8 सितम्बर को दिव्यांग विद्यार्थियों के बीच खेलकूद प्रतियोगिताएं,शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें ज्ञानोदय श्रवणबाधित विद्यालय,वीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग और जूनियर डीपीएस के विद्यार्थी भी प्रतिभा दिखाएंगे।

## ग्राम सरहरी में हाथियों ने पूरी रात मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

इन दिनों प्रतापपुर क्षेत्र के ग्रामीण हाथियों के उत्पात से जूझ रहे है। हाथी दिन-रात कभी भी गांवों में घुसकर जमकर उत्पात मचाते हैं। धान, मक्का और अन्य फसलों को रौंदकर बर्बाद कर देते है। बावजूद इसके वन विभाग हाथियों के निगरानी करने में असफल है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग न तो हाथी भगाने के लिए पर्याप्त संसाधन जुटा सका और न ही पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा मिल रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्राम पंचायत सरहरी, करंजवार और सिंगरी में बीते दिनों दो हाथियों ने किसानों की कई एकड़ खड़ी फसलें तहस-नहस कर दीं। झरीराम कुशवाहा, विजय नारायण, मनोहर प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, शिवप्रसाद सहित कई किसानों की कई दिनों की मेहनत एक झटके में मिट्टी में मिल गई। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों से बचाव के लिए विभाग सिर्फ दिखावे की खानापूर्ति कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब रात में हाथी गांव में पहुंच जाते है और रेंजर मिश्रा को सूचना दी गई तो उन्होंने टॉर्च और संसाधन उपलब्ध कराने की बजाय गैर जिम्मेदाराना जवाब दिया। रेंजर का कहना है कि स्टाफ को जब 50-60 हजार वेतन मिलता है तो वही लोग इंतजाम करेंगे। रेंजर की बात से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है और उन्होंने रेंजर की कार्यशैली को नाकामी बताते हुए तत्काल हटाने की मांग की है।



# लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं शिल्पा शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हर साल अपने घर पर गणेशोत्सव धूमधाम से मनाती रही हैं। लेकिन, इस बार परिवार में करीबी के निधन के शोक के कारण उन्होंने अपने घर पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित नहीं की। इसके बावजूद मंगलवार को शिल्पा मुंबई के फेमस लालबागचा राजा पंडाल पहुंचीं और बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शिल्पा इस दौरान अपनी करीबी दोस्त आकांक्षा मल्होत्रा के साथ नजर आईं। पंडाल में मौजूद भारी भीड़ के बीच दोनों ने श्रद्धापूर्वक गणपति की आराधना की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में शिल्पा शेट्टी पारंपरिक लुक में दिखीं।

## लाइफ Style



# कृति

## मेल एक्टर्स को मिलती हैं बेहतर कार-कमरे

कृति सेनन ने बताया कि कैसे फिल्म इंडस्ट्री में फीमेल एक्टर्स की तुलना पर मेल एक्टर्स को बेहतर कमरे और गाड़ियां मिलती हैं। वहीं, एक्ट्रेसेस को सेट पर हीरो से पहले बुला दिया जाता है। बॉलीवुड में कई बार हीरो और हिरोइन को लेकर दी जाती फीस पर डिस्कशन होता रहता है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई


कई एक्ट्रेसेस का कहना है कि हीरो को उनसे ज्यादा फीस दी जाती है और आज भी ऐसा होता है। अब कृति सेनन ने इस मुद्दे पर बात की और कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि हीरो को बेहतर कार या बेहतर कमरा मिला है। कृति ने यह भी बताया कि कैसे उनकी मां ने उन्हें खुलकर सपना देखने और उसे पूरा करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने कहा कि उनके पैरेंट्स दोनों काम करते थे और घर की जिम्मेदारियों को बराबरी से डिवाइड किया था। इसी वजह से कृति और नुपुर को कभी उनके जेंडर को लेकर रेसट्रिक्टेड नहीं हुआ। कृति ने बताया कि जबकि उनकी मां केवल उनके पढ़ने के हक के लिए लड़ सकीं और उन्होंने अपने हॉबीज को त्याग दिया था। लेकिन, उन्होंने हमेशा कृति को स्वतंत्र रूप से सपने देखने और जो वह चाहती थी उसे करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने माना कि कई बार उन्हें मेल एक्टर्स के साथ कम्पैरिजन में कम महसूस होता है। वह बोलीं, 'ऐसा कई बार नहीं हुआ, लेकिन छोटी-छोटी चीजें जैसे मेल एक्टर्स को बेहतर कार और बेहर कमरा मिलता है। यहां बात सिर्फ गाड़ी की नहीं, बल्कि मुझे छोटा महसूस करवाने की है, क्योंकि मैं एक महिला हूं। बस इसे इक्वल करना है।'

## हॉलीवुड मसाला



# डांस विद... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड ने एक बार फिर अपने दिग्गज सितारे को खो दिया है। मशहूर कनाडाई मूल के अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए। थियेटर से शुरुआत करने के बाद 1979 में उन्होंने टीवी शो द ग्रेट डिटेक्टिव से डेब्यू किया। 1983 में आई फिल्म रनिंग ब्रेव से उन्होंने बड़े पर्दे पर कदम रखा। ग्रीन के कॅरियर को असली मुकाम 1990 में मिला, जब उन्होंने केविन कॉस्टनर की फिल्म डांस विद वोल्वस में किकिंग बर्ड का किरदार निभाया।



# केल्सी बेटमैन रॉक ऑफ लव से हुई थीं चर्चित

**लॉस एंजिल्स।** ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव की कंटेस्टेंट रहीं केल्सी बेटमैन का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया। केल्सी बेटमैन ने साल 2009 में प्रसारिती हुए ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव के तीसरे और आखिरी सीजन में भाग लिया था। इस शो में माइकल्स की प्रेमिका बनने के लिए 23 महिलाओं के बीच भिड़ंत थी, जिसमें एक प्रतियोगी के रूप में केल्सी बेटमैन भी शामिल थीं। उस समय, वह 21 वर्ष की थीं और शो की सबसे कम उम्र की प्रतिभागियों में से एक थीं। बेटमैन उस शो में शीर्ष 10 तक पहुंच गई थीं, लेकिन सातवें एपिसोड में वो बाहर हो गई थीं। आपको बताते चलें कि शो के फाइनल में, ब्रेट माइकल्स ने ताया पार्कर को अपनी प्रेमिका के रूप में चुन लिया था। हालांकि, रॉक ऑफ लव के प्रशंसक केल्सी को शो के अंतिम सीजन के हिस्से के रूप में याद करते हैं।



# ये मेरा हुस्न गाने में हरनाज का जलवा

**मुंबई।** 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही बागी 4 के निर्माताओं ने मंगलवार को इस फिल्म का एक नया गाना 'ये मेरा हुस्न' रिलीज किया है, जिसमें हरनाज कौर संधू का किलर डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। साजिद नाडियाडवाला और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म के इस गाने में हरनाज कौर संधू ने अपने हॉट मूव्स से धमाल मचा दिया है। सुनहरी रेत और समुद्र की लहरों में फिल्माए गए इस गाने में हरनाज ने बॉस्को मार्टिस की शानदार कोरियोग्राफी पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। गाने को शिल्पा राव की मखमली आवाज, तनिष्क बागची के संगीत और समीर अंजान के बोलों ने और भी आकर्षक बनाया है। इस गाने में संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ भी अपने दमदार अंदाज में नजर आए, जिससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है।



# सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज का प्रीमियर

**मुंबई।** अनुपर्णा रॉय के निर्देशन में बनी डेब्यू फीचर फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज'का 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में हाउसफुल प्रीमियर हुआ। यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जिसका विश्व प्रीमियर इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में किया गया है। इस फिल्म को फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा सहयोग प्राप्त है। फिल्म को मिली इस शानदार प्रतिक्रिया पर उन्होंने खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'अनुपर्णा और उनकी टीम के लिए यह देखकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने आज के जमाने में एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जो मैं 25 साल पहले भी नहीं कर पाता। मुझे यकीन है कि इस फिल्म का दुनिया तक पहुंचने का सफर लंबा है और वह निश्चित रूप से भारत की अगली मजबूत आवाज हैं।'

## टीवी मसाला



# केबीसी के ज्योतिषी कंटेस्टेंट ने बता दिया अमिताभ का भविष्य

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड्स के इंट्रेस्टिंग प्रोमोज चैनल ने पोस्ट किए हैं। एक प्रोमो में दिखाया गया कि अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट ऐस्ट्रोलॉजी के स्टूडेंट निकलते हैं। बिग बी उनसे अपने बारे में पूछते हैं और यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि आदित्य ने उनकी कुंडली देख रखी है, जो कि इंटरनेट पर मौजूद है। अमिताभ बच्चन आदित्य की एजुकेशन देखकर इम्प्रेस हो जाते हैं। वह बोलते हैं, 'मान्यवर इतनी शिक्षा आप प्राप्त कर रहे हैं तो यहां क्या कर रहे हैं?' बिग बी आदित्य की डिग्रियां गिन रहे होते हैं तभी पता चलता है कि वह वैदिक ऐस्ट्रोलॉजी भी पढ़े हैं। ऐस्ट्रोलॉजी सुनते ही अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हैं। फिर बोलते हैं, 'तो आप बता सकेंगे कि क्या हो रहा है देश में। सर हमारे बारे में कुछ बताएंगे? भविष्य में हमारा कुछ ठीक-ठाक चलेगा?' आदित्य जवाब देते हैं, बहुत बढ़िया सर। इस पर अमिताभ बच्चन पूछते हैं कि आपको कैसे पता कि हमारा सब ठीक-ठाक होगा। इस पर आदित्य बताते हैं, 'सर जब हम पढ़ते हैं ना तो हमको कुछ सैंपल चार्ट्स मिलते हैं जिनको हम स्टडी करते हैं।' अमिताभ बच्चन पूछते हैं, कौन सा चार्ट तो आदित्य बताते हैं, जन्मकुंडली। अमिताभ बच्चन हैरान होकर बोलते हैं, हमारी जन्मकुंडली आपको कैसे मिल गई? आदित्य बताते हैं, 'सर इंटरनेट पर अवेलेबल है।' अमिताभ बच्चन चौंककर बोलते हैं, क्या बात कर रहे हैं? एक और प्रोमो में दिखाया जाता है कि आदित्य अमिताभ बच्चन को बताते हैं कि वह उनकी ड्रेसिंग सेंस के फैन हैं। उन्होंने कई जगह बिग बी को कॉपी किया है। उनकी तस्वीरें भी दिखाई जाती हैं, जब वह अमिताभ बच्चन जैसे कपड़े पहने हैं। इन्हें देखकर बिग बी बोलते हैं कि बस चश्मा अलग है। वहीं, यह भी बताते हैं कि उनके तो कपड़े खुद के नहीं होते, बल्कि सरकारी यानी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से मिलते हैं।

## मृदुल ने कुनिका को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' में एंट्री के बाद से ही कुनिका सदानंद काफी डॉमिनेटिंग अंदाज में सामने आई हैं। ताजा प्रोमो वीडियो में मृदुल तिवारी कुनिका को ऐसा जवाब देते नजर आ रहे हैं जिस पर जोरदार तालियां बजीं। उधर, बिग बॉस ने घर का एक बिलकुल नया हिस्सा खोल दिया है जिसका सीधा असर एविक्शन पर पड़ेगा। दरअसल, जब बिग बॉस ने किसी एक खिलाड़ी को घर से बाहर करने के लिए नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू करवाई तो जहां नेहल ने अभिषेक और बजाज को निशाना बनाया और कहा कि उनका दिमाग बहुत बच्चों वाला है तो वहीं कुनिका सदानंद ने मृदुल को नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान मृदुल को 'बिन पेंदी का लोटा' कह दिया। इस पर मृदुल ने फौरन जवाब दिया- क्योंकि आपके साथ नहीं लुढ़क रहा? इस पर कुनिका ने पलटवार किया और कहा- जहां मैजोरिटी देखते हो चले जाते हो।



# अमेरिका में पायर का डंका
## तीन बड़े शहरों में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विनोद कापड़ी निर्देशित फिल्म पायर कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल में उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। इस फिल्म का वर्ल्ड टूर जारी है। कई देशों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड जीतने के बाद भारतीय फिल्म 'पायर का सितंबर में अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी, बॉस्टन और शिकागो में प्रीमियर होगा। अमेरिका के प्रतिष्ठित वॉशिंगटन डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल का समापन 7 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार विनोद कापड़ी के निर्देशन में बनी फिल्म पायर के प्रदर्शन के साथ होगा।



***फिल्म के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि :*** इसके बाद 14 सितंबर को आठवें इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन की समापन फिल्म के तौर पर भी पायर का चयन किया गया है। फिर अमेरिका के लोकप्रिय 16वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में 21 सितंबर को इस फिल्म को दिखाया जाएगा। पायर पहली भारतीय फिल्म है, जो एक महीने के अंदर अमेरिका के तीन बड़े शहरों के फिल्म फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित हो रही है।

***फिल्म को मिल चुके हैं कई अवॉर्ड :*** जुलाई में पायर ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 2025 के भारतीय फिल्म महोत्सव में बैंड जूरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीता था। फिल्म ने स्पेन और ब्रिटेन में भी चार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अवॉर्ड जीते थे। सिर्फ एक महीने में पायर को पांच अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। इनमें तीन सर्वश्रेष्ठ फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड शामिल हैं।

# शिकागो फिल्म फेस्टिवल में बन टिक्की और साली मोहब्बत को मिली जगह




**मुंबई।** फैशन की दुनिया से फिल्मों के गलियारों तक अपनी अलग पहचान बना चुके मनीष मल्होत्रा की फिल्में इन दिनों चर्चाओं में हैं। मशहूर डिजाइनर से फिल्म प्रोड्यूसर बने मल्होत्रा की दो फिल्में- साली मोहब्बत और बन टिक्की को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में आधिकारिक रूप से चुना गया है। यह किसी भी प्रोड्यूसर के लिए बड़ा सम्मान है और मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर इस सफलता को साझा करते हुए इसे गर्व का पल बताया।

***साली मोहब्बत से होगी फेस्टिवल की शुरुआत :*** इस बार फेस्टिवल का आगाज साली मोहब्बत से होगा। अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने पहली बार निर्देशन की कमान संभालते हुए इस फिल्म को बना रही हैं। फिल्म घरेलू हिंसा, भावनात्मक विश्वासघात और स्त्री की आवाज को दोबारा पाने के संघर्ष की कहानी बयां करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन के बीच की धुंधली रेखाओं पर खड़ी एक महिला का संघर्ष इस फिल्म की रीढ़ है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मनीष मल्होत्रा ने किया है। कलाकारों की बात करें तो इसमें राधिका आप्टे, दिव्येंदु, शरत सक्सेना, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और फिल्मकार अनुराग कश्यप भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस दमदार स्टारकास्ट के साथ फेस्टिवल की ओपनिंग फिल्म के तौर पर 'साली मोहब्बत'का चयन, मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन करियर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### बन टिक्की में नजर आएंगी दिग्गज अभिनेत्रियां

फेस्टिवल में दिखाई जाने वाली दूसरी फिल्म है बन टिक्की। यह फिल्म एक कमिंग-ऑफ-एज स्टोरी है जो परिवार, रिश्तों, प्रेम और पहचान जैसे संवेदनशील विषयों पर केंद्रित है। निर्देशक फराज आरिफ अंसारी की इस फिल्म में सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकाराएं शबाना आजमी और जीनत अमान लंबे समय बाद साथ नजर आएंगी। इनके साथ अभय देओल, नुश्रत भरुचा और नए कलाकार रोहान सिंह भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। बन टिक्की का वर्ल्ड प्रीमियर इसी साल जनवरी में पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में हो चुका है और अब शिकागो में इसकी स्क्रीनिंग से फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी पहचान मिलने की उम्मीद है।

### गुस्ताख इश्क से करेंगे डेब्यू

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि मनीष मल्होत्रा ने बतौर प्रोड्यूसर अपनी यात्रा की शुरुआत फिल्म 'गुस्ताख इश्क- कुछ पहले जैसा'से कर रहे हैं। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत यह फिल्म इसी साल नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## शुरुआती सफर था संघर्ष भरा, एक ही हसीना संग दी 29 सुपरहिट

# ये है देश का पहला महानायक, जिसके नाम पर है बड़ा मेट्रो स्टेशन

***नई दिल्ली।*** *अमिताभ बच्चन को आज बॉलीवुड का महानायक, सदी का पहला सुपरस्टार कहा जाता है। बिग बी ने दशकों लंबे कॅरियर के दौरान कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। अमिताभ के फिल्मों में कदम रखने से सालों पहले एक सुपरस्टार ऐसा था जिसे सबसे पहले महानायक का उपनाम मिला था। ये अभिनेता बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहलाते हैं। इनका प्रभाव और स्टारडम ऐसा था कि उनके नाम पर मेट्रो स्टेशन भी है। आज यहां जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो महानायक उत्तम कुमार हैं। 3 सितंबर को महानायक उत्तम कुमार की बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म 1926 में कोलकाता के साधारण से परिवार में हुआ था। कला और अभिनय के प्रति उनका बचपन से ही रुझान था। वो बंगाली परिवार में जन्में थे जहां उन्हें बचपन से ही ऐसा माहौल मिला कि उनकी आर्ट और थिएटर के प्रति दिलचस्पी उतपन्न होने लगी थी।*

### सपनों के लिए कुर्बान कर दी थी नौकरी

महानायक घर चलाने के लिए क्लर्क की नौकरी करते थे, लेकिन उन्होंने अभिनय के प्रति अपने झुकाव को कभी खत्म नहीं होने दिया। एक्टिंग के प्रति उनका कुछ ऐसा जुनून था कि वो दिन में क्लर्क की नौकरी और शाम को थिएटर्स किया करता था। अपनी जुनूनियत के चलते एक्टर ने एक दिन सबकुछ ताक पर रखते हुए फिल्मों की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उनकी शुरुआत आसान नहीं थी। आज हिंदी और बंगाली सिनेमा के धरोहर माने जाने वाले उत्तम कुमार को एक समय पर फ्लॉप कलाकार कहा जाता था।



### हिंदी और बंगाली सिनेमा में अतुल्नीय योगदान

महानायक उत्तम कुमार ने हिंदी फिल्मों के साथ ही बंगाली सिनेमा में भी अतुल्नीय योगदान दिया था। सिनेमा और कला के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करते हुए कोलकाता में उनके नाम का मेट्रो स्टेशन है। टॉलीगंज मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर महानायक उत्तम कुमार रखा गया है।

### मिला फ्लॉप जनरल मास्टर का टैग

उन्होंने लगातार एक के बाद एक इतनी फ्लॉप फिल्में दी कि उनका दूसरा नाम ही 'फ्लॉप जनरल मास्टर'पड़ गया था। कमर्शियल सक्सेस ही इस जिल्लत से छुटकारा पाने का उत्तम कुमार के पास इकलौता रास्ता था। लगातार सात फ्लॉप फिल्मों की झड़ी लगाने के बाद उत्तम कुमार ने दमदार वापसी की। उनकी किस्मत का सिक्का ऐसा पलटा कि फ्लॉप स्टार उत्तम साहब ने एक के बाद एक 10 सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ आलोचकों की बोलती बंद करा दी।

### अरुण कुमार था असली नाम


एक्टर की फिल्मों के फैन भी शायद उनके असली नाम से वाकिफ नहीं होंगे। उत्तम कुमार और महानायक के उपनाम से मशहूर अभिनेता का असली नाम अरुण कुमार चटोपाध्याय था।

### सुचित्रा सेन का साथ मिलते ही चमक उठी थी किस्मत

1952 में आई फिल्म 'बासु परिवार' उत्तम कुमार के कॅरियर की पहली हिट थी। इस बंगाली फिल्म से उन्होंने पहली बार सफलता का स्वाद चखा था। लेकिन, उनको असल पहचान साल 1953 में आई फिल्म शेरी चुआटोर से मिली। वो एक्ट्रेस सुचित्रा सेन को अपनी किस्मत की चाबी मानते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र भी किया था कि अगर सुचित्रा सेन से उनकी मुलाकात नहीं होती, तो शायद वो कभी महानायक नहीं बन पाते। एक्टर ने सुचित्रा सेन के साथ 30 फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया था, जिनमें से 29 फिल्में हिट रही थीं।

## जगह-जगह विराजे भगवान गणेश...


गणेशोत्सव के अवसर पर भगवान शिव पार्वती का रूप धारण किए बच्चे।


श्री गणेश पूजा वार्ड नंबर 1 शिवपुर रिटायर मुहल्ला चरचा में विराजे भगवान गणेश।


सागरपुर स्कूल ग्राउंड में विराजे भगवान गणेश।


नेहरू कालोनी डोमनहिल में विराजे भगवान गणेश।


सुभाष कालोनी में विराजे भगवान गणेश।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से गंभीर बालक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** रनपुर कला निवासी जय प्रकाश (10 वर्ष) बीती रात मां के साथ जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान देर रात जहरीले सांप ने काट लिया। देर रात जब मां उठी तो बिस्तर के समीप सांप को देखी। सांप को देख शोर मचाने लगी जिस पर परिवार के सदस्यों ने सांप को मारने के पश्चात बालक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### राष्ट्रीय समुराई चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने हासिल किया स्वर्ण और रजत पदक

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय समुराई चैम्पियनशिप में सरगुजा के खिलाड़ियों ने जीत का परचम लहराते हुए स्वर्ण व रजत पदक हासिल कर जिले व प्रदेश का मान बढ़ाया है। बता दें कि मध्यप्रदेश के जबलपुर में 29 व 30 अगस्त को पं. रविशाकर शुक्ल स्टेडियम में अखिल भारतीय समुराई संघ द्वारा चतुर्थ राष्ट्रीय समुराई चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, राजस्थान, ओडिशा, मणिपुर के साथ छत्तीसगढ़ से 170 खिलाड़ियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ की टीम से सरगुजा के खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता में यूपी की टीम ने प्रथम, छग की टीम ने द्वितीय व एमपी की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में अविनाश सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल किया है जबकि साक्षी साहू, अंश कुमार, मरसी लकड़ा, आदित्य मुंडा, चिराग आर्यन, अचिंत्य राजवाड़े, विक्रांत साहू ने अलग अलग आयु और भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। खिलाड़ियों की इस सफलता पर सामुराई संघ के अध्यक्ष क्योशी अनिल बर्नवाल, पप्पू साहू, नीरज सिंह, अतुल मेहता, बिगना मुंडा सहित अन्य ने बढाई दी है।

## निधन

### राजकुमारी स्थापक

**डोमनहिल।** एमसीबी जिले के हल्दीबाड़ी के व्यवसायी कुलदीप स्थापक (लकी) की माताश्री एवं



पार्षद पूर्वा स्थापक की सासू मां राजकुमारी स्थापक निधन हो गया। वे 69 वर्ष की थी। स्व. राजकुमारी छोटेलाल परासर, राकेश परासर, राजू परासर की बड़ी बहन थी। इनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम भुरकुंडी घाट में 2 सितंबर को किया गया। इस अवसर पर परिजन समेत महापौर,पार्षद सहित काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### आधुनिक खेती व जैविक खाद का उपयोग कर किसान हो रहे समृद्ध

# किसान रासायनिक खाद से बचें, जैविक खाद का उपयोग ज्यादा करें : नेताम


उन्नत किस्म के तैयार पौधों का अवलोकन करते कृषि मंत्री रामविचार नेताम।

**हरिभूमि न्यूज ⏩ अम्बिकापुर**

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि प्रदेश के किसानों की जरूरत के मुताबिक यूरिया व डी ए पी भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। लगभग 90 प्रतिशत किसानों को वितरित भी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केन्द्र सरकार से और अधिक खाद की मांग की थी जो हमें उपलब्ध भी होने जा रहा है। श्री नेताम आज हार्टिकल्चर नर्सरी एवं पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का सीधा लाभ किसानों और योजना के सही पात्रों को मिले।

**खास बात**
- सूकर व मुर्गी पालन केन्द्रों का भी किया निरीक्षण

कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने सरगुजा जिला प्रवास के दौरान मंगलवार को अम्बिकापुर स्थित सर्किट हाऊस में जिले के आदिवासी विकास विभाग, कृषि एवं अन्य विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं के संबंध में जानकारी ली तथा विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मंत्री श्री नेताम ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्ण ढंग के साथ सुनिश्चित किया जाए। विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना रहे।बैठक में किसानों के लिए मांग के अनुरूप बीज एवं खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारी से चिकित्सकों एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा कहा कि चिकित्सकों को फील्ड में भेजें। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी से उत्पादन एवं वितरण की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण हेतु बाहर भेजें, प्रशिक्षण के पश्चात उनका फीडबैक लें। किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करें। अधिकारियों की बैठक उपरांत मंत्री नेताम उद्यानिकी विभाग के नर्सरी पहुंचे और बीज अंकुरण प्लांट का निरीक्षण किया। उद्यान विभाग के अधिकारियों ने आधुनिक विधि से उन्नत किस्म के सब्जियों एवं फलों के ग्राफ्टिंग का प्रोसेस समझाया। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि ऐसी उन्नत किस्म के पौधों का उपयोग कर किसान कम लागत में खासा मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसी अच्छी योजनाओं का लाभ बेरोजगार युवाओं को जरूर बताएं ताकि बेरोजगार युवा उन्नत खेती को और आकर्षित हो। आज खेती एक सफल उद्योग का रूप लेती जा रही है। किसान सामर्थ्यवान बन रहे है। इस दौरान भाजपा नेता अनिल जायसवाल, हैप्पी सिंह, सुनील बघेल, पिन्टू रहमान, उप संचालक आदिम जाति कल्याण विभाग ललित शुक्ला, प्रभारी उप संचालक पशुचिकित्सा आरपी शुक्ला, उद्यान अधीक्षक गंगाराम पैकरा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### खाद की कोई किल्लत नहीं

प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने प्रदेश में डीएपी यूरिया की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर कहा है कि प्रदेशभर के किसानों को जितना खाद की जरूरत है उसके मुताबिक सरकार ने आंकलन कर भारत सरकार के समक्ष लक्ष्य भेज दिया था। निर्धारित लक्ष्य की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत उर्वरक हमें प्राप्त हो गया है। यूरिया और डीएपी का भंडारण 90 प्रतिशत हो चुका है। वितरण भी 87 प्रतिशत से अधिक है। मै समझता हूँ कि यूरिया डीएपी की किल्लत वैश्विक स्तर पर उत्पन्न समस्याओं के कारण है। प्रदेश और भारत सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सीएम विष्णुदेव साय के प्रयास के जरूरत के अनुरूप यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। शेष बचे यूरिया की आपूर्ति कर दी जाएगी। मेरा किसानों से आह्वान है कि सिर्फ डीएपी यूरिया पर निर्भर ना रहे और जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए सरकार का सहयोग करे। जरूरत के अनुरूप ही रासायनिक खाद का उपयोग करें लेकिन यहां प्रतिवर्ष लक्ष्य बढ़ता जा रहा है। इससे जमीन की उर्वरा शक्ति भी खत्म हो रही है। रासायनिक खाद से लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर हो रहा है। उन्होंने कहा है कि हमारी सरकार ने किसानों को किसान पत्र बांटा है। स्वाइल हेल्थ कार्ड के आधार पर हमें यह पता करना चाहिए कि हमारी जमीन में किन किन तत्वों की जरूरत है अगर इस आधार पर खेती करें तो उर्वरक की खपत कम हो जाएगी और हम जैविक खेती की ओर आगे बढ़ जाएंगे। रासायनिक खाद का उपयोग हमें कम करना ही पड़ेगा। हमें गर्मी के मौसम में धान की खेती करने से भी बचना होगा क्यों इससे नदी, तालाब सूख रहे है और मवेशियों को भी पानी नहीं मिल रहा। किसान गर्मी में कम पानी लेने वाला फसल लगाए। जहां तक यूरिया की कालाबाजारी की बात है तो मुनाफाखोरों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सख्त निर्देश दिए गये है।

# सेवा पखवाड़ा कार्यशाला सांस्कृतिक भवन में 7 को

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 7 सितंबर को दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक भवन बैकुंठपुर में आयोजित किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक संपूर्ण जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा समाज के साथ मिलकर विभिन्न सेवा के कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

इसके लिए आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के साथ स्थानीय विधायक भईयालाल राजवाड़े एवं श्रीमती रेणुका सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा के साथ सभी भाजपा जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य,भाजपा मंडल अध्यक्ष महामंत्री एवं पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष महामंत्री प्रकोष्ठ जिला संयोजक सेवा पखवाड़ा की मंडल टोली जिला पंचायत सदस्य,नगर पालिका/पंचायत अध्यक्ष एवं सभी पार्षद जनपद अध्यक्ष एवं सदस्य सहित अपेक्षित पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के जिला टोली में जिला महामंत्री पंकज गुप्ता के साथ जिला महामंत्री कपिल जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, राजेश




- प्रबल होंगे मुख्य अतिथि

सिंह एवं जिला मंत्री ईश्वर राजवाड़े को सेवा पखवाड़ा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला टोली द्वारा मंडल अध्यक्षों से चर्चा कर शीघ्र ही मंडल टोली एवं विभिन्न कार्यक्रमों के लिए प्रभारियों की घोषणा की जाएगी। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाले सेवा पखवाड़ा में जो गतिविधियां चलाई जाएंगी, उनमे स्वच्छता अभियान एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण रक्तदान शिविर स्वास्थ्य शिविर प्रधानमंत्री के जीवन पर डाक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन प्रबुद्ध वर्ग संवाद दिव्यांग एवं विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान वोकल फॉर लोकल का प्रचार प्रधानमंत्री पर चयनित पुस्तकों का वितरण, खेलकूद प्रतियोगिता विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, मैराथन दौड, चित्र प्रदर्शनी 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## विद्युत सखियों को प्रदान किए गए किट, करेंगी स्पॉट बिलिंग

**अंबिकापुर।** जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार को सरगुजा जिले की 11 विद्युत सखियों को किट प्रदान किया गया। जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने विद्युत सखियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। बता दें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार यह कार्य राज्य विद्युत विभाग और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सक्रिय स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को सौंपा गया है। सरगुजा जिले के विभिन्न विकासखण्डों से 11 विद्युत सखियों को आधुनिक तकनीक आधारित स्पॉट बिलिंग कार्य का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रथम चरण में ये सखियां सितम्बर माह से विद्युत विभाग के 11 अलग-अलग कलस्टर में जाकर विद्युत मीटर से मीटर रीडिंग का कार्य करेंगी और एंड्रॉयड मोबाइल व ब्लूटूथ थर्मल प्रिंटर की मदद से स्पॉट बिलिंग करेंगी। प्रत्येक विद्युत सखी को विभाग द्वारा लगभग एक हजार घरों का आबंटन किया जाएगा।

## सिद्धबाबा दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु


एकादशी के अवसर पर जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ स्थित श्री सिद्ध बाबा के दर्शन करने काफी संख्या में मंदिर पहुंचे श्रद्धालु।

# साइबर अपराधी हर दिन अपना रहे नए नए तरीके: एसएसपी

**सूरजपुर।** साइबर अपराधी अपराध करने के हर दिन नए नए तरीके अपना रहे हैं। लोगों को जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल से बचा जा सकता है। जिलेवासी साइबर अपराध से खुद को सुरक्षित रख सके, साइबर फ्रॉड की घटनाओं से भलीभांति वाकिफ हो और साइबर ठग के झांसे में न आए इसके लिए पुलिस द्वारा लगातार साइबर कॉप अभियान के तहत लोगों एवं स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता के आयोजन किए जा रहे है। इसी क्रम में सोमवार को कोतवाली पुलिस द्वारा रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय में साइबर जागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने छात्र-छात्राओं से साइबर सुरक्षा की जानकारी देते हुए साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों पर प्रश्न



पूछे जिनका छात्रों ने कम शब्दों में जवाब देकर साइबर सुरक्षा के प्रति मौजूद छात्रों को प्रेरित किया।

इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को साइबर फ्राड से कैसे सुरक्षित रहा जाए इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की दुनिया वास्तविकता से एकदम अलग है, सोशल मीडिया के माध्यम से फ्राड करने वाले आसान शिकार की तलाश में रहते है। जरा सी चूक पर फ्राड घटना को अंजाम दे देते है। इंटरनेट का उपयोग सावधानी से पढ़ाई व कुछ अच्छा सीखने के लिए करें। सोशल मीडिया पर अपनी प्रत्येक एक्टिविटी को शेयर न करें, सोशल मीडिया पर किसी से दोस्ती करने से पहले सोचे, समझे और पुष्टि के उपरान्त ही फ्रेन्ड बनाए। अनजान कॉलर से ओटीपी शेयर न करने, वाटसएप कॉलिंग, डिजिटल अरेस्ट, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगने के नाम पर किए जा रहे फ्रॉड के बारे में सविस्तार बताया। उन्होंने बताया कि यदि कोई बैंक, बिजली, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर कोई जानकारी मांगता है तो उसे अपनी कोई भी जानकारी न दें।

# जेवर और बर्तन दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**राजपुर।** चोरो ने बीती रात जेवर और बर्तन दुकान को निशाना बनाया है। चोर दुकान से सोने चांदी के जेवर के साथ ही बर्तन लेकर फरार हो गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

बता दें कि बरियों चारपारा निवासी ओमप्रकाश सोनी की बरियों बस स्टैंड के समीप एनएच 343 पर कृष्ण ज्वेलर्स और बर्तन दुकान संचालित है। सोमवार की रात संचालक ओमप्रकाश सोनी और उनका पुत्र गौतम सोनी दुकान को बंद करने के बाद घर चले गये थे। मंगलवार की सुबह 6 बजे आस पास के लोगों ने दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ देखकर इसकी सूचना संचालक को दी। सूचना मिलने के बाद संचालक मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि चोर ताला तोड़कर अंदर घुसे और सोने चांदी के जेवर के साथ ही बर्तन पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना में लाखों के चोरी की बात कही जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कि जा रही है।

इधर इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश का माहौल है। राजपुर सोनी समाज के अध्यक्ष सुरेश सोनी के नेतृत्व में सोनी समाज के सदस्यों ने बरियो चौकी प्रभारी से मिलकर कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान सोनी समाज के सचिव बृजमोहन सोनी, अरुण सोनी, संजय सोनी, आदि थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 15 वें वित्त...

मरम्मत कार्य के नाम पर फर्जी बिल व्हाउचर लगाकर रूपए व्यय किया गया। वहीं सरपंच के घर के पास ही नहानी घर बिना मरम्मत काम कराए राशि आहरण कर लिया गया। प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला डबरीपारा में रनिंग वाटर मरम्मत कार्य के नाम पर फर्जी तरीके से राशि आहरण किया गया। वहीं सड़क मरम्मत कार्य सहित 12 बिंदुओं के कार्यों में फर्जीवाड़ा की शिकायत कर जांच की मांग कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई।

### बीईओ ने उल्लास...

हुआ है। अधिकारियों ने साक्षरता केन्द्र की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल शिक्षा के स्तर को उन्नत करते हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता अभियान को नई दिशा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों एवं शिक्षार्थियों से संवाद करते हुए यह संदेश दिया कि शिक्षा जीवन में सफलता का आधार है, सभी को इसे प्राप्त करने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान यह भी उल्लेख किया गया कि केन्द्र के नियमित संचालन से गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है और सभी आयु वर्ग के लोग इसमें शामिल हो रहे हैं।

### रजत जयंती पर...

जायसवाल ने छात्रों से माता-पिता और गुरूजन के सम्मान को सफलता की कुंजी बताया। साहित्यकार गीता प्रसाद नेमा ने अपनी संगीतमयी रचना से छग की धार्मिक व ऐतिहासिक विरासत का वर्णन किया। पत्रकार संवर्त कुमार रूप ने अपनी राष्टीय-अंतरराष्टीय उपलब्धियों को साझा कर छात्रों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। वार्ड पार्षद मनीष कुमार सिंह ने छात्र जीवन में अनुशासन की अहमियत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन मो. ताहिर आजमी ने किया और प्राचार्य श्रीमती केके टोप्पो ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### अब लटमा गांव...

गांव में घट रही रहस्यमयी घटना पर विराम लगा दिया। ग्राम लटमा के प्रतिष्ठित किसान पूरन राजवाडे बताते हैं कि उनके पिता बाबा बताते थे कि इस गांव में वर्षो पहले अजीबो गरीब घटना घटित होती थी, जिसे लेकर गांव का हर कोई परेशान हो गया था। इस घटना को कोई स्पष्ट कारण भी पता नहीं चलता था। गांव में जब भी किसी परिवार में कोई बच्चा जन्म लेता था, तब कोई भी बच्चा जीवित नहीं बचता था। ऐसा एक परिवार से नहीं बल्कि हर परिवार के साथ ऐसी घटना होती थी, ऐसी घटना से गांव की आबादी थम गई थी। इस घटना को लेकर गांव के लोग परेशान हो गए थे, हर तरफ उदासी का महौल बन गया था। समस्या इतनी गहरी हो गई थी कि गांव के लोग दूसरे जगह पलायन करने को मजबूर हो गए थे।

### संत की वाणी...

केन्द्र के पास ही मंदिर निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया था ,लेकिन शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा नहीं हुई थी, तब वर्ष 2023 में मंदिर में आकाशीय बिजली गिरी। इस घटना में मंदिर के उपरी हिस्से में लगाए कलश को ही क्षति हुई, इसके अलावा मंदिर पूरी तरह से सुरक्षित है,यह किसी चमत्कार से कम नहीं। लटमा निवासी प्रतिष्ठित किसान पूरन राजवाडे ने बताया कि मंदिर में चमत्कारिक रूप से आकाशीय बिजली सीधे मंदिर के उपर नहीं गिरा, बल्कि मंदिर के नीचले हिस्से के झरोखे से शिवलिंग स्थल के पास जमीन को रगड़ते हुए उपर की ओर आकाशीय बिजली गया, जो मंदिर के मीनार पर लगी कलश को फोड़ते हुए निकल गया। इस घटना के बाद नव निर्मित मंदिर में शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। श्री राजवाडे ने कहा कि मंदिर में वज्रपात की घटना सोमवार को हुई थी, इस दिन यहां बाजार का दिन होता है , यदि यही घटना बाजार परिसर में हुई होती तो दुखद घटना हो सकती थी।

